


# आंधी-तूफान का कहर : 90 से ज्यादा बिजली पोल टूटे

## 45 गांव अंधेरे में, मकान हुए धराशायी, जवा-त्यौंथर क्षेत्र में भारी तबाही, मकानों पर गिरे पेड़, कई ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त






नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 मई. रीवा जिले में देर रात आए तेज आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश ने यूपी-एमपी सीमा से लगे जवा और त्यौंथर क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी।**

तेज हवाओं के चलते 90 से अधिक विद्युत पोल टूट गए, जबकि कई ट्रांसफार्मर जमीन पर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गए। तूफान के कारण क्षेत्र के 45 से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। कई स्थानों पर पेड़ उखड़कर सड़कों और मकानों पर गिर गए, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया। तेज हवाओं से कई घरों के टीन शेड उड़ गए और लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। जवा तहसील अंतर्गत रिमारी गांव में सर्वेश सिंह चंदन के घर पर आंगन में लगा आम का विशाल पेड़ गिर गया, जिससे मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत पनवार थाना में दर्ज कराई है। सुबह से क्षेत्र में बिजली विभाग की टीमें मरम्मत कार्य में जुटी हुई हैं, लेकिन व्यापक नुकसान के चलते विद्युत व्यवस्था बहाल होने में अभी समय लग सकता है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

# नशीली कफ सिरप के साथ चार गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 मई. पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार 2 के तहत पुलिस अधीक्षक डाक्टर गुर करण सिंह के निर्देश पर चोरहटा थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने टीम के साथ मेडिकल नशे पर बड़ा प्रहार किया है**

चोरहटा पुलिस ने एक महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए तकरीबन 900 सीसी से ज्यादा नशीली कफ सिरप जप्त की है पकड़े गए आरोपियों से फिलहाल पूछताछ की जा रही है इस पूरी कार्रवाई के संबंध में चोरहटा थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि उनकी टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के टेकुआ स्थित रेलवे ट्रक के समीप एक महिला सहित तीन युवकों द्वारा स्कूटी में नशे की खेप रखकर खड़े हैं और ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं जिसके बाद तत्काल मौके पर पहुंचकर पुलिस ने दबिश दी जहां अनिकेत सिंह पिता पंकज सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी माथुर भवन के पीछे अमहिया जिला रीवा, रावेन्द्र साकेत पिता रामाधार साकेत उम्र 35 वर्ष निवासी रानी तालाब हरिजन बस्ती थाना कोतवाली जिला रीवा अमरीश शुक्ला पिता अवधबिहारी शुक्ला उम्र 18 वर्ष निवासी गुढवा भटिगवाँ टोला थाना गुढ हाल मुकाम धीरु सिंह का किराये का कमरा झिरिया थाना सिविल लाईन जिला रीवा, रानू उर्फ सपना साकेत पिता बब्लू साकेत उम्र 23 वर्ष निवासी गुलगंज जिला छतरपुर हाल मुकाम ट्रासफोर्ट नगर थाना सिविल लाईन जिला रीवा को पकड़ कर उनसे पूछताछ की गई और तीन बोरियों में नशीली कफ सिरप भरी हुई पाई गई जिसके बाद पुलिस मौके पर ही कार्रवाई कर आरोपियों को थाने लाई जहां आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए तकरीबन 900 सीसी से ज्यादा नशीली का सिरप की जप्त की गई है,.

थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कई और मेडिकल नशे के कारोबारीयो के नाम बताएं हैं जिनके संबंध में जानकारी एकत्रित की जा रही है।

### रामलखन की माता जी का निधन, आज प्रयागराज में होगा अंतिम संस्कार

**चाकघाट, 29 मई.** विंध्य क्षेत्र के वरिष्ठ



पत्रकार राम लखन गुप्त (चाकघाट) की माता श्रीमती शिव कुमारी जी अग्रहरि का आज 29 मई को प्रातः 7. 15 पर निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 मई को प्रातः तीर्थराज प्रयाग (दारागंज)गंगा तट पर किया जाएगा। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार उनकी आयु 85 वर्ष से अधिक रही। निधन के पश्चात उनके गृह ग्राम चाकघाट में शोक श्रद्धांजलि व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# पीएम के संकल्प ने गांव तक पानी पहुंचाया

## सरपंच घरों में साफ पानी देकर पुण्य और यश दोनों कमाएं : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा 29 मई. जल जीवन मिशन की प्रशिक्षण कार्यशाला का उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री ने कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यशाला में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने 10 लाख करोड़ रुपए की जल जीवन मिशन योजना बनाकर गावों तक फिल्टर किया हुआ साफ पानी पहुंचा दिया है।**




इसे गांव के हर घर तक पहुंचाना और पानी की नियमित आपूर्ति बनाए रखने की जिम्मेदारी सरपंचों की है। शासन ने हाल ही में एसओआर के नए आदेश में ग्राम पंचायतों को 10 हजार रुपए तक के पेयजल संबंधी कार्य बिना किसी अनुमति के कराने के अधिकार दिए हैं। पेयजल व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक संसाधनों की खरीदी के लिए 15वें वित्त आयोग एवं अन्य मदों से अनुमति दी गई है। सरपंच अपने अंदर हर घर में नल से जल पहुंचाने की इच्छाशक्ति भर कर लें तो जल जीवन मिशन का उद्देश्य पूरा हो जाएगा। सरपंच हर घर में नल से फिल्टर किया हुआ पानी पहुंचाकर पुण्य और यश दोनों कमायें। जल जीवन मिशन से केवल रीवा जिले में ही दो हजार करोड़ रुपए के निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि घरों में पानी पहुंचाने की जिम्मेदारी अब ग्राम पंचायत की है। हर घर में साफ पानी पहुंच गया तो अस्पताल की भीड़ आधी हो जाएगी। जल जीवन मिशन और पीएचई के इंजीनियर ग्राम पंचायतों को पूरा सहयोग करेंगे। अधूरी पाइपलाइनों का निर्माण पूरा कराया जाएगा। लेकिन घरों में पानी की जिम्मेदारी पंचायत को ही लेनी होगी। यदि पंचायतें साफपानी की नियमित आपूर्ति करेंगी तो उन्हें जल कर वसूल करने में भी कठिनाई नहीं होगी। इसके लिए महिला स्वसहायता समूहों का भी सहयोग लिया जा सकता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यशाला में समूह नलजल योजना तथा एकल नलजल योजना के संचालन और संधारण के संबंध में दी जा रही जानकारियों को आत्मसात करें। मन में किसी भी तरह की शंका हो तो उसका समाधान कराएं। संकल्प के साथ हर घर को नल से पानी देने का प्रयास करें। जो सरपंच का कठिन चुनाव जीत सकता है उसके लिए पेयजल व्यवस्था बनाना बहुत आसान काम है। हम सब मिलकर प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत और स्वस्थ भारत के सपने को पूरा करें। कार्यशाला में सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि ग्राम पंचायत समन्वय के साथ नलजल योजना संचालित करें। पीएचई विभाग ग्राम पंचायतों की तकनीकी बाधाओं को दूर करें। ग्राम पंचायतों में पर्याप्त राशि उपलब्ध है। शासन के नए आदेशों से इसे खर्च करने का अधिकार भी पंचायतों को मिल गया है। एकल नलजल योजनाओं के बोरवेल में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रिचार्ज पिट का निर्माण कराएं जिससे उसमें पानी की कमी न रहे। विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने कार्यशाला में कहा कि कार्यशाला से नलजल योजनाओं के संचालन की सभी बाधाएं दूर होंगी। जिले के साथ.साथ कार्यशाला को विकासखण्ड और क्लस्टर स्तर पर आयोजित किया जाए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर में नल से जल पहुंचाने के लिए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में प्रभारी कलेक्टर तथा आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन ने कहा कि नलजल योजनाओं की अधोसंरचना का विकास कर दिया गया है।

### नल जल योजना को प्राथमिकता : गूर्जर

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि नल जल योजना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्राम पंचायतें पूरी जिम्मेदारी के साथ इस योजना को लागू करें। गांव की विकास की कार्ययोजना में पेयजल व्यवस्था संबंधी कार्यों को भी अनिवार्य रूप से शामिल कराएं। कार्यशाला में अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंहए कार्यपालन यंत्री चित्रांशु तथा परियोजना प्रबंधक नीतेश सिंह ने नलजल योजना के संचालन और संधारण के तकनीकी पक्षों तथा कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यशाला में उप मुख्यमंत्री ने नलजल योजना का सफलतापूर्वक संचालन करने वाले सरपंचए ग्राम पंचायत सचिव तथा वाल्व आपरेटरों को सम्मानित किया। कार्यशाला में जिला पंचायत सदस्यए जनपद अध्यक्ष तथा सदस्यए सरपंचए सचिव तथा वाल्व एवं पंप आपरेटर उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन विधायक रीवा के प्रतिनिधि श्री राजेश पाण्डेय ने किया।

## संक्षिप्त




### समर्पण भाव से कार्य कर मातृ मृत्यु दर को कम करने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है : शुक्ल

**रीवा.** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि समर्पण भाव से कार्य कर मातृ मृत्यु दर को कम करने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिये राज्य सरकार द्वारा किये गये सतत प्रयासों के सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। मध्यप्रदेश में मातृ मृत्यु दर में आई ऐतिहासिक गिरावट स्वास्थ्य तंत्र की प्रतिबद्धताए जमीनी स्तर पर कार्यरत अमले की मेहनत और आधुनिक तकनीक आधारित निगरानी प्रणाली का परिणाम है। श्री शुक्ल ने श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय अन्तर्गत प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा आयोजित मातृ मृत्यु दर को कम करने के संबंध में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का एमएमआर 2018 .20 में 173 था जो 2022 .24 में घटकर 135 रह गया। यह 38 अंकों यानी लगभग 22 प्रतिशत की गिरावट है जो राष्ट्रीय औसत से दोगुनी से भी अधिक है। संस्थागत प्रसव को ब ?वा देनेए प्रशिक्षित डॉक्टर्स एवं स्टाफकी उपलब्धता सुनिश्चित करने और आपातकालीन प्रसूति सेवाओं के विस्तार से सकारात्मक अनुपात को 70 से नीचे लाये। उन्होंने कहा कि प्रतिमाह की 9 व 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत आयोजित होने वाले स्वास्थ्य परीक्षण में डॉक्टर्स अनिवार्यरू उपस्थित रहें। आशा कार्यकर्ता प्रत्येक गर्भवती महिला का पंजीयन करें तथा उनकी नियमित जांच व स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच से इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। श्री शुक्ल ने वरिष्ठ चिकित्सकों से अपेक्षा की स्वास्थ्य केन्द्रों की नियमित जांच करें और टेली मेडिसिन को भी बढ़ावा दें।

### संभागीय आईटीआई में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 2 जून को

**रीवा .**शासकीय संभागीय आईटीआई में 2 जून को सुबह 10 बजे से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है। ट्रेनी के पद के लिए एजीआई ग्रीनपैक लिमिटेडए हिन्द वेयर तथा सोमेनी इम्प्रेसा में प्रशिक्षणार्थी प्लेसमेंट ड्राइव में भाग ले सकते हैं। प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार फिटरए मैकेनिकलए बेल्डरए इलेक्ट्रिकल ट्रेड के उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने दस्तावेज व पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित रह सकते हैं। मानदेय के तौर पर 15 से 20 हजार रूपये प्रतिमाह देय होगा।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन क्रियान्वयन के लिए विशेष सेल गठित

**रीवा.** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत एक वर्ष की अवधि के लिए निगरानीए व्यवस्थाओं एवं क्रियान्वयन के लिए विशेष सेल गठित किया गया है। सेल में सदस्य के तौर पर सीईओ जिला पंचायतए सभी एसडीएमए वनमण्डलाधिकारीए आयुक्त नगर निगम एवं सभी नगर पालिका के अधिकारीए सीएमएचओए क्षेत्रीय संचालक प्रदूषण नियंत्रण बोर्डए उप संचालक कृषिए महाप्रबंधक उद्योगए श्रम अधिकारीए जिला शिक्षा अधिकारीए कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माणए कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास को शामिल किया गया है। समिति के सचिव एवं समन्वयक परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण होंगे। कलेक्टर ने सीईओ जनपद एवं नगर परिषदों के सीएमओ को निर्देश दिये हैं कि नगरीय व ग्रामीण स्तर पर वार्ड स्तरीय समिति का गठन किया जाना सुनिश्चित करें।

### कमिश्नर 3 जून को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से करेंगे समीक्षा

**रीवा.** संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 3 जून को एनआईसी के माध्यम से जिलों के कलेक्टर्स से विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगे। शाम 4 बजे से 6 बजे तक बा?ध् मानसून तैयारीए पेयजल व्यवस्थाए लोक सेवा गारंटीए वन अधिकार अधिनियमए उपार्जन एवं अन्य समसामयिक विषयों की समीक्षा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जायेगी।

### छात्रावास में मेस संचालन के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

**रीवा.** बालक एवं बालिका छात्रावास में सत्र 2026 .27 हेतु संचालित मेस के माध्यम से भोजन व्यवस्था किये जाने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुक व्यक्तिध्फर्म अपने आवेदन 10 जून तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राचार्य शाण् उण्माण्विण् मार्तण्ड क्रमांक एक से प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्र .छात्राओं को प्रतिदिन नास्ताए दोपहर तथा रात का भोजनए मौसमी फलए दूधध्चाय प्रदाय करना होगाए जिसके लिए प्रति छात्र दो हजार रूपये प्रतिमाह निर्धारित है। प्राप्त आवेदन क्रय समिति के समक्ष 11 जून को शाम 4 बजे खोले जायेंगे।

# उप मुख्यमंत्री ने बर्न यूनिट का किया निरीक्षण

## बर्न वार्ड में एयरकंडीशनर तत्काल सुधरवाने के दिए निर्देश



नवभारत न्यूज

**रीवा 29 मई. उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने गांधी स्मारक चिकित्सालय परिसर में वर्न यूनिट की आकस्मिक निरीक्षण किया।**

उन्होंने वर्न वार्ड में एयरकंडीशनर को तत्काल सुधारने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्न वार्ड में स्थापित एसी व कूलर चालू हालत में रहें। यदि इनमें ग?ब?ी आती है तो तत्काल सुधार करायें और वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर अन्य एसी या कूलर रखें। उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो अन्यथा क?ी कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान डीन डॉण् सुनील अग्रवालए अधीक्षक डॉण् राहुल मिश्रा उपस्थित रहे।

# नए तहसील भवन को लोकार्पण का इंतजार

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 29 मई. रीवा जिले के प्रमुख तहसीलों में गिनी जाने वाली त्योंथर तहसील में पुराने तहसील भवन को ध्वस्त करके नया तहसील भवन पूरी तरह से बनकर तैयार हो चुका है।**

यह नया तहसील भवन तत्कालीन विधायक श्यामलाल द्विवेदी जी के प्रयास से उनके कार्यकाल में बनना शुरू हुआ था। इसका भूमि पूजन भी उन्हीं के द्वारा किया गया था। इस क्षेत्र में यह भव्य राजस्व न्यायालय भवन बनकर तैयार हुआ है लेकिन इसका लोकार्पण नही हो पा रहा है जिसके कारण यहां पर अधिकारी राजस्व कर्मचारी एवं पक्षकारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में अस्थाई रूप से त्योंथर तहसील कार्यालय जिसमें एसडीएम, तहसीलदार, एवं पांच राजस्व मंडल के नायब तहसीलदारों का ऑफिस संचालित है। वर्तमान में यह तहसील कार्यालय ग्राम पंचायत क्षेत्र चुनरी में चल रहा है। वहां आने जाने के लिए कोई साधन नहीं है।

# रमेश कुमार, चिन्तामणि व गया प्रसाद को दी गई भावभीनी विदाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 मई. नगर पालिक निगम रीवा में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 श्री रमेश कुमार सिंह, स्थाईकर्मी श्री चिन्तामणि तिवारी एवं भृत्य श्री गया प्रसाद द्विवेदी की सेवानिवृत्ति के साथ विदाई समारोह का आयोजन किया गया।**



इन कर्मचारियों की अधिवार्षिकी सेवा 31.05.2026 को पूरी होनी है, इस दिन अवकाश होने के कारण दिनांक 29.05.2026 को विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त श्री प्रकाश द्विवेदी एवं श्री एमएस सिद्दीकी द्वारा शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया साथ ही विदाई समारोह के अवसर पर अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर में नगर निगम के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा उनके साथ अपने कार्य अनुभव को साझा किया गया साथ ही उनके सफल जीवन की कामना की गई।

इस दौरान सहायक आयुक्त श्री केएन साकेत, श्री रामनरेश तिवारी, एआरओ श्री हेमन्त त्रिपाठी, श्री नीलेश चतुर्वेदी एवं अन्य कर्मचारियों के साथ सेवानिवृत्ति कर्मचारी के परिजन उपस्थित रहें।

# भीषण गर्मी के बीच जल आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने निगम आयुक्त सख्त

## वार्ड स्तर पर होगी मॉनिटरिंग, सभी वार्ड इंजीनियरों को सौंपी जिम्मेदारी

नवभारत न्यूज

**रीवा 29 मई, नगर निगम आयुक्त श्री अक्षत जैन ने नगर निगम सभागार में शुक्रवार को जल प्रदाय एवं सीवरेज परियोजना से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित कर शहर में संचालित जल प्रदाय, सीवरेज, निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए जल आपूर्ति व्यवस्था को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने के लिए विकेंद्रीकृत मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए।**

निगम आयुक्त ने कहा कि जल प्रदाय एवं सीवरेज परियोजनाएं शहर की महत्वपूर्ण आधारभूत सेवाएं हैं। वर्तमान में सीमित अधिकारियों द्वारा इन परियोजनाओं की निगरानी किए जाने से कई बार समस्याओं की जानकारी देर से प्राप्त होती है तथा शिकायतें जनता अथवा मीडिया के माध्यम से सामने आती हैं। इसे देखते हुए अब संबंधित वार्ड के सब इंजीनियर अपने-अपने क्षेत्र में जल प्रदाय, सीवरेज एवं निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करेंगे और किसी भी समस्या की तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे, ताकि समय रहते आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के दौरान यदि जल प्रदाय लाइन क्षतिग्रस्त होती है तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित वार्ड इंजीनियर द्वारा दी जाएगी तथा मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद उसकी तकनीकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी। जल प्रदाय लाइन की मरम्मत निर्धारित मानक प्रक्रिया एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही कराई जाएगी, जिससे भविष्य में लीकेज जैसी समस्याएं उत्पन्न न हों। साथ ही निर्माण कार्यों के दौरान जल लाइन क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में संबंधित वार्ड इंजीनियर संविदाकार की जवाबदेही भी तय करेगा और गुणवतायुक्त रिपेयर कराएगा।

बैठक में निगम आयुक्त ने कहा कि जल प्रदाय, सीवरेज तथा निर्माण कार्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने निर्देशित किया कि स?क या अन्य निर्माण कार्यों से पूर्व जल एवं सीवर लाइनों से संबंधित कार्य पूर्ण किए जाएं, ताकि बार-बार खुदाई की आवश्यकता न प? और स?क रेस्टोरेशन कार्य अंतिम चरण में किया जा सके। इसके लिए संबंधित विभागों को समन्वित कार्यप्रणाली एवं मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने के निर्देश भी दिए।



श्री जैन ने सभी सब इंजीनियरों को अपने-अपने वार्ड में स्थित ओवरहेड टैंकों की जानकारी अद्यतन रखने तथा उनसे जु? जल प्रदाय क्षेत्रों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वार्ड स्तर पर जिम्मेदारी तय होने से जब फील्ड में टीम सक्रिय होगी तो जल आपूर्ति में व्यवधान, लीकेज अथवा अन्य तकनीकी समस्याओं का त्वरित निराकरण संभव हो सकेगा। जल कनेक्शन व्यवस्था को अधिक सुगम एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से निगम आयुक्त ने प्रत्येक वार्ड में उपयंत्री की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय टीम गठित करने के निर्देश दिए। इस टीम में संबंधित वार्ड के सब इंजीनियर, जलकर वार्ड प्रभारी तथा स्व-सहायता समूह की महिलाएं शामिल रहेंगी। यह टीम नए जल कनेक्शन प्रदान करने तथा पुराने कनेक्शनों के शिफ्टिंग कार्यों का मौके पर ही परीक्षण एवं निराकरण सुनिश्चित करेगी। निगम आयुक्त ने निर्देश दिए कि जहां नई जल प्रदाय पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, वहां समयबद्ध रूप से नल कनेक्शन भी प्रदान किए जाएं, ताकि बाद में कनेक्शन देने के लिए पुनः स?क अथवा अन्य स्थानों की खुदाई न करनी प?। बैठक में बताया गया कि नई पेयजल पाइप लाइन में पुराने नल कनेक्शन शिफ्ट कराने हेतु 550 रुपये तथा नया जल कनेक्शन प्राप्त करने के लिए 4000 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। निगम आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि नए उपभोक्ताओं से जलकर की वसूली जल प्रदाय प्रारंभ होने के बाद ही की जाए। उन्होंने कहा कि जल प्रदाय, सीवरेज और निर्माण कार्यों के बीच एवं पीडीएमसी की टीम से समन्वय स्थापित कर कार्य करे। योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने से संसाधनों की बचत होगी तथा नागरिकों को अनावश्यक असुविधा का सामना नहीं करना प?ेगा। जहां संकरी स?के है वहां पूरी प्रक्रिया प्राथमिकता से कार्य करते हुए 20 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए जिससे वर्षा के समय रहवासियों को आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि किसी निजी एजेंसी द्वारा कार्य के दौरान जल प्रदाय लाइन को नुकसान पहुंचाया जाता है तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए। साथ ही स?क पुनर्स्थापना कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए सभी अधिकारियों को नियमित निरीक्षण एवं निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में कार्यपालन यंत्री श्री राजेश सिंह, सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री एस एन द्विवेदी कमलेश्वर सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।